B

809

FIRST TERMINAL EVALUATION 2017-2018

THIRD LANGUAGE

Std. VIII

HINDI

Score : 40
Time : 1½ hrs

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न पत्र वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

सूचनाः कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

अविरत दुख भी उत्पीड़न
अविरत सुख भी उत्पीड़न
दुख सुख की निशा दिवा में
सोता जागता जग जीवन।

1. दिवा शब्द का समानार्थी शब्द कौन सा है? 1
   (दिन, रात, संध्या)
2. 'अविरत सुख भी उत्पीड़न' -क्या आप इससे सहमत है? क्यों? 2
3. कवितांश का आशय लिखें। 4

सूचनाः यह गद्यांश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

अंधेरा हो चुका था और ज़्यादातर रास्ता कच्चा था। सड़क सुनसान था और वहाँ कोई रोशनी नहीं थी। मैं पिताजी को अकेला नहीं छोड़ सकता था।

4. इसके लेखक अरुण गांधी किसका पोता है ? 1
5. 'मैं पिताजी को अकेला नहीं छोड़ सकता था।' यहाँ अरुण गांधी का कौन-सा मनोभाव प्रकट होता है? 2
6. **नीचे के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।** 4

(अ) मान लें, अरुण गांधी घर जाकर अपनी माँ को सब बता देते हैं। अरुण गांधी और माँ के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें।

सहायक संकेत :

- अरुण गांधी की देरी होना।
- पिता से झूठ बोलना।
- पिता पैदल चलने को तय करना।
- पिता का साथ न छोड़ना।

अथवा

(आ) मान लें, मनीलाल गांधी अपने अनुभव का ज़िक्र करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखता है। वह पत्र तैयार करें। 2

7. नमूने के अनुसार वाक्यों को बदलकर लिखें।

हरेक ऐसा कुछ जानता था।	हरेक ऐसा कुछ जानता है।
मैं पत्र पढ़ता था।	....
पिताजी बेसब्री से मेरा इंतज़ार करते थे।	....

सूचना : 'ज्ञानमार्ग' एकांकी का अंश पढ़ें, प्रश्न 8 और 9 के उत्तर लिखें।

'शिष्यो, ध्यान रहें, वह ज्ञान जिससे अपना या दूसरों का नुकसान हो, ज्ञान नहीं बल्कि अज्ञान है। ज्ञान सबकी भलाई के लिए ही होता है।'

8. ज्ञान कब अज्ञान हो जाता है? 2

9. मान लें, आप के स्कूल में ज्ञानमार्ग एकांकी का मंचन होनेवाला है। उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें। 4

सूचनाः कवितांश पढ़ें। 10 से 12 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

ओ नन्हे बीज
तुझमें छिपा है
एक बड़ा पेड़
खूब सुंदर फूल
मीठे-मीठे फल
हरी-हरी पत्तियाँ
चिड़ियों केलिए घर
मज़बूत-मज़बूत लकड़ियाँ
आ मैं तुझे बो दूँ।

10. बड़ा पेड़ कहाँ छिपा है? 1

11. कवि क्या करना चाहते हैं? 1

12. कविता के आशय पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचनाः 'शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा' का अंश पढ़ें। 13 से 15 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

"इस दरबार में मौजूद हर शख्स आप को कुछ न कुछ सिखा सकता है। प्रत्येक के पास कुछ न कुछ हुनर है, कुछ ज्ञान है, दिल या दिमाग की कुछ खासियत है। तो सभी शिक्षक है और विद्यार्थी भी।"

13. यह किसका कथन है? 1

14. 'सभी शिक्षक है और विद्यार्थी भी।' इसका मतलब क्या है? 2

15. किसी एक का उत्तर लिखें। 4

(अ) बीरबल का उत्तर सुनकर अकबर के मन में क्या-क्या विचार आए होंगे। उनके विचारों को डायरी के रूप में लिखें।

अथवा

(आ) 'अकबर को कौन सिखाएगा' –लोककथा के पात्रों को चुनकर तालिका की पूर्ति करें।

पात्र	वेश-भूषा

16. आशय समझें, सही मिलान करें। 3

मनीलाल गांधी ने कहा	मैं तो हमेशा ही सीखता हूँ।
गुरु ने कहा	घर तक की अठारह मील की दूरी पैदल चलकर ही तय करूँगा।
बीरबल ने कहा	ज्ञान तो सबकी भलाई के लिए ही होता है।

17. किसी एक का उत्तर लिखें। 2

(अ) 'गुरुजी हम लोग संकट में पड़ गए हैं।' राजकुमार ने ऐसा क्यों कहा?

(आ) गुरु की राय में ज्ञान का नुकसान कब होता है?